विश्व पृथ्वी दिवस "Invest in Our Planet" के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

आज 22 अप्रैल 2022 विश्व पृथ्वी दिवस "Invest in Our Planet" के अवसर पर माननीय कुलपति नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर प्रो. (डॉ.) सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें पेंटिंग, स्लोगन, स्पीच, लेख सहित कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी कुछ इस प्रकार स्पीच कोंम्पटीशन अंशुल शर्मा, आदित्य बाजपेई, अभिलाष गौतम रहें, लेख प्रतियोगिता में साक्षी कटरे, सना अंसारी, वंशिका बोरिया रहें, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रभात प्रजापति सृष्टि जोसेफ कर्णिका संयम रहें। स्लोगन प्रतियोगिता में सोनाली साहू, हेमा मराठे, सोनल चौरसिया रहें।

कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिष्ठाता संकाय डॉ. एम के मेहता एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलसचिव एवं अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉ एस. के. जोशी, एवं आई.पी.आर.ओ. डॉ. सोना दुबे, डॉ माधुरी शर्मा एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र गण उपस्थित रहें।

अतिथियों द्वारा पृथ्वी दिवस पर अनेक महत्वपूर्ण जानकारी के साथ–साथ छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रोत्साहित किया, एवं विजई प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किए।

कार्यक्रम की रूपरेखा कुमारी प्रियंका गौतम टीचिंग एसोसिएट द्वारा तैयार की गई, कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री शिव मोहन सिंह, कुमारी शिवानी पाठक, श्री सत्येंद्र कटारा का विशेष सहयोग रहा एवं कार्यक्रम का संचालन शुभेंदु द्विवेदी द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर